बागमती बांध के किनारे बनेगा बेनीपुरी का स्मारक

चर्चा में क्यों?

20 दिसंबर, 2022 को बिहार के मुजफ्फरपुर के बेनीपुरी चेतना समिति न्यास के सचिव डॉ. महंथ राजीव रंजन दास ने बताया कि बागमती बांध के किनारे बिहार सरकार की ओर से आवंटित ज़मीन पर रामवृक्ष बेनीपुरी के स्मारक निर्माण के प्रस्ताव को सरकार ने मंज़ूरी दे दी है।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. महंथ राजीव रंजन दास ने बताया कि बागमती बांध के किनारे बनने वाले रामवृक्ष बेनीपुरी स्मारक के निर्माण पर 13 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बागमती बांध के बाहर 1.4 एकड़ और 14 डिसमिल ज़मीन आवंटित है। स्मारक परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित होगी।
- उन्होंने बताया कि इस स्मारक के साथ-साथ चहारदिवारी, पार्क, वाचनालय व पुस्तकालय और मेन गेट का निर्माण भी प्रस्तावित है।
- ज्ञातव्य है कि बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर इस स्मारक के लिये लगातार प्रयास कर रहे थे। उनके प्रयास से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्मारक निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- विदित है कि रामवृक्ष बेनीपुरी मुजफ्फरपुर समाजवादी आंदोलन के जनक, स्वतंत्रता सेनानी व प्रख्यात लेखक थे।
- उल्लेखनीय है कि बागमती नदी हिमालय की महाभारत श्रेणियों में नेपाल से निकलती है। यह नदी नेपाल में लगभग 195 किलोमीटर की यात्रा तय करके भारत में बिहार के सीतामढ़ी ज़िले में प्रवेश करती है। बिहार में इस नदी की कुल लंबाई 394 किलोमीटर है। नेपाल में इस नदी का कुल जल ग्रहण क्षेत्र 7884 वर्ग किलोमीटर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/memorial-of-benipuri-will-be-built-on-the-banks-of-bagmati-dam